महेंद्रनाथ सरोवर बनेगा जैव विविधता विरासत स्थल

जैव विविधता पर्षद की टीम ने डीएम से की मुलाकात, संरक्षण में पंचायतों और स्थानीय समुदाय की भागीदारी पर जोर

जासं, सिवान : जिले के प्रसिद्ध महेंद्रनाथ सरोवर को जैव विविधता विरासत स्थल (बायोडायवर्सिटी हेरिटेज साइट) के रूप में विकसित करने की पहल शुरू की गई है। इसको लेकर बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद, पटना की चार सदस्यीय टीम ने बुधवार को जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा से मुलाकात की। बैठक में सरोवर की जैव विविधता के संरक्षण, स्थल के चयन की प्रक्रिया और स्थानीय निकायों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की ग।

बैठक के दौरान प्रस्तावित जैव विविधता विरासत स्थल के लिए संबंधित पंचायतों की जैव विविधता प्रबंधन समितियों (बीएमसी) और स्थानीय निकायों से अनुशंसा प्राप्त करने के विषय पर विचार-विमर्श हुआ। इसके साथ ही महेंद्रनाथ सरोवर क्षेत्र में किए गए जैव विविधता सर्वेक्षण से संबंधित जानकारी भी साझा की गई। स्थल के चयन की प्रक्रिया को आगे बढ़ने के लिए आवश्यक पहलुओं पर चर्चा हुई। पर्षद की टीम में विषय क्षेत्र विशेषज्ञ अमरेश बिहारी झा, यंग प्रोफेशनल हर्षिता प्रकाश तथा इंटर्न दिवाकर कुमार और सुनंदा कुमारी शामिल थे।

स्थानीय समुदाय की भागीदारी पर जोर : महेंद्रनाथ सरोवर को जैव विविधता विरासत स्थल के रूप में चयनित करने की पहल का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता का संरक्षण करना है। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों, जैव विविधता प्रबंधन समितियों और स्थानीय समुदाय को संरक्षण एवं प्रबंधन की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल करना भी इस पहल का अहम हिस्सा है।